CHHATTISGARH SWAMI VIVEKANAND TECHNICAL UNIVERSITY, BHILAI
छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, भिलाई

क्रमांक : छगस्वावितवि / सूचना / 2025 / 4557 भिलाई, दिनांकः 1/10/25

प्रति,

प्राचार्य
समस्त CSVTU से सम्बद्ध संस्थाएं
छत्तीसगढ़

विषयः– **सत्र 2025–26 में विभिन्न पाठ्यक्रमों (फार्मेसी / पी.एच.डी. कोर्स को छोड़कर) में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय में नामांकन के संबंध में।**

महोदय,

विषयांतर्गत ज्ञात हो कि वर्तमान सत्र 2025–26 में विभिन्न पाठ्यक्रमों में नव प्रवेशित विद्यार्थियों का नामांकन विश्वविद्यालय में होना है।

**सत्र 2025–2026 के प्रथम सेमेस्टर एवं Lateral Entry से प्रवेशित छात्रों के लिए** :–

विश्वविद्यालय के वेबसाइट www.csvtu.ac.in में दिए गए Enrollment form लिंक के माध्यम से ऑनलाईन(Online) नामांकन फार्म भरे जाने है, जो दिनांक **03 अक्टूबर 2025** से **18 अक्टूबर 2025** तक उपलब्ध रहेगा। नामांकन संबंधी शुल्क ऑनलाइन नामांकन फार्म के साथ ही अभ्यर्थी द्वारा जमा किया जाना है। इस संबंध में महाविद्यालय से यह अपेक्षा की जाती है कि विद्यार्थियों के नामांकन फार्म का प्रिंट–आउट सभी जानकारियों एवं आवश्यक दस्तावेजों के साथ सुव्यवस्थित रूप से संलग्न कर परीक्षण उपरान्त ही नामांकन फार्म को संस्थाओं द्वारा **Approval** एवं संस्था के **प्राचार्य का हस्ताक्षर एवं मोहर** लगाकर दिनांक **30 अक्टूबर 2025** तक विश्वविद्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करें।

विश्वविद्यालय के पत्र क्रमांक छगस्वावितवि / सूचना / 2025 / 4489 दिनांक 26 / 09 / 2025 द्वारा छात्रों को **Academic Bank of Credits (ABC) ID** बनाना अनिवार्य किया गया है, जिसकी प्रविष्टि Online नामांकन फार्म में अनिवार्य रूप से किया जाना है। अतः नामांकन फार्म में प्रविष्टियॉ इंगीत करने के पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि छात्र का **ABC ID** बना है।

**प्रवेशित कोर्स के निर्धारित शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य दस्तावेजों का सत्यापन संस्था द्वारा सुनिश्चित करें। किसी भी त्रुटि के लिये संबंधित महाविद्यालय जिम्मेदार होगा अतः हस्ताक्षर करने के पूर्व छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, अटल नगर नवा रायपुर "छत्तीसगढ़ तकनीकी संस्थाओं हेतु प्रवेश नियम 2023" के अनुसार नामांकन में त्रुटि शून्यता को प्राचार्य निश्चित कर लेवें। नामांकन निरस्त होने के स्थिति में संपूर्ण जिम्मेदारी संस्था / विद्यार्थी की होगी।**

विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय ऑनलाइन (Online) नामांकन फार्म की प्रक्रिया के संबंध में छात्र–छात्राओं को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करें।

नामांकन फार्म से संबंधित समस्त जानकारियों से विद्यार्थियों को अवगत करायें।

**संलग्नः– दिशा निर्देश का पालन संस्था / विद्यार्थी अनिवार्य रूप से करें।**

नोटः– ऑफ लाईन नामांकन फार्म ( Offline Enrollment form ) विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नही किये जायेगें।

30/9/25
कुलसचिव
छगस्वावितवि, भिलाई
30/9/25

प्रतिलिपिः

1. निज सहायक, माननीय कुलपति महोदय, छगस्वावितवि, भिलाई।
2. विश्वविद्यालय के वेबसाइट में अपलोड़ हेतु।
3. Project Manager, MPCON को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. मास्टर फाईल।

Village-Newai, Post-Newai, Bhilai, Distt.-Durg (Chhattisgarh) PIN-491107, Ph. No.: 0788-2200062, Fax No.: 0788-2445020, Website: www.csvtu.ac.in, E-mail: registrar@csvtu.ac.in

// नामाकंन फार्म विश्वविद्यालय भेजने के हेतु आवश्यक दिशा निर्देश //
*****

1 नामांकन फार्म के प्रिंटआउट में संस्था के प्राचार्य का **हस्ताक्षर एवं मोहर** होना अनिवार्य है।

2 नामांकन फार्म के प्रिंटआउट के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की **महाविद्यालय द्वारा सत्यापित प्रतिलिपि** अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

- क) 10वीं/12वीं की अंकसूची महाविद्यालय द्वारा **सत्यापित प्रतिलिपि**।
- ख) निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के अंकसूची की महाविद्यालय द्वारा **सत्यापित प्रतिलिपि**।
- ग) निवासी प्रमाण पत्र (Domicile Certificate) **सत्यापित प्रतिलिपि** (यदि लागू हो)।
- घ) प्रवेश का DTE द्वारा जारी किया गया Receipt-Cum- Acknowledgement of Confirmation of Admission संस्था के प्राचार्य से सत्यापित।
- ड.) आवश्यक प्रवेश परीक्षा स्कोर कार्ड की **सत्यापित प्रतिलिपि** (यदि लागू हो)।
- च) स्थाई/उच्च स्तरीय छानबीन समिति द्वारा जारी किया गया जाति प्रमाण पत्र (ST,SC,OBC) एवं छ.ग. निवासी प्रमाण पत्र (CG domicile) अनिवार्य रूप से संलग्न करें (यदि लागू हो)।
- छ) यदि विद्यार्थी छत्तीसगढ़ बोर्ड (CGBSE) के अलावा अन्य बोर्ड या विश्वविद्यालय से इस विश्वविद्यालय में किसी पाठ्यक्रम में प्रवेश लेता है तो **ओरिजनल प्रवजन प्रमाण–पत्र(Original Migration Certificate)** जमा करना अनिवार्य होगा।
- ज) वर्तमान शिक्षा सत्र् में प्रवेश लेने के पूर्व पढ़ाई में अतराल (Gap) हुआ हो तो **ओरिजनल गेप सर्टिफिकेट (Original Gap Certificate)** अनिवार्य रूप से जमा करें।

3 यदि विद्यार्थी का नामांकन पूर्व में इस विश्वविद्यालय में हो चुका था परंतु उसने अपना **प्रवजन प्रमाण–पत्र (Migration Certificate)** विश्वविद्यालय से प्राप्त कर लिया है, या **Migration Certificate** के लिए आवेदन किया है ऐसे विद्यार्थी को पुनः इस विश्वविद्यालय में नामांकन के लिए **ओरिजनल प्रवजन प्रमाण–पत्र (Original Migration Certificate)** जमा करना होगा।

4 आवश्यकता पड़ने पर सभी मूल प्रमाण–पत्र विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करना होगा।

5 विभिन्न पार्ट टाइम कोर्स में प्रवेश के लिए दो वर्ष का **अनुभव प्रमाण पत्र (निर्धारित योग्यता के उपरांत), वर्तमान संस्था में कार्य करने का प्रमाण पत्र एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र** अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।

6 नामांकन फार्म जमा करते समय संस्था के **Covering letter** के साथ दिये गये **Annexure-1** को भरकर अनिवार्य रूप से दो स्वच्छ प्रति में जमा करें। (संलग्न है) साथ ही विश्वविद्यालय के mail पर भी भेजे।

7 विश्वविद्यालय से प्राप्त **Affiliation for academic session 2025-26** की एक स्वच्छ प्रति अनिवार्य रूप से जमा करें।

8 उपरोक्त निर्देशों का पालन नहीं होने पर एवं दस्तावेज के अभाव में प्रेषित किये गये नामाकंन फार्म विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकार नहीं किये जायेगें।

नोटः–
1. महाविद्यालय व विद्यार्थी नामांकन फार्म भरने के पश्चात् भरे हुए नामांकन फार्म के प्रिंट–आउट की एक प्रति अवश्य सुरक्षित रखें। किसी प्रकार की त्रुटि सुधार हेतु नामांकन फार्म के प्रिंट–आउट को विश्वविद्यालय में प्रेषित करें।
2. भरे हुये नामांकन फार्म के साथ अतिरिक्त फोटो चस्पा ना करें।
3. **नामांकन मे किसी भी प्रकार की असुविधा/समस्या होने की स्थिति में Digivarsity के Helpdesk पर Ticket Raise कर विश्वविद्यालय को सूचित करें।**

30.9.25
कुलसचिव
छगस्वावितवि, भिलाई
30/9/25

Annexure-1

# Enrollment-2025_2026

Name of Institution :-

Institute Code:-

Course:- Semester/Year:- Full/Part Time:-

| S.N. | Application No. | Program/ Branch | Student Name | Father Name | Date of Birth | Gender | Category | Contact No. | Migration Fees | Enrollment Fees | Total Fees | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | | | | | | | |
| 2 | | | | | | | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | Total | Total | Total | |

Principal
Seal and Signature

Note: Please mail of copy of Annexure-1 to the University mail 1. infocell@csvtu.ac.in and 2. accounts@csvtu.ac.in